संक्षिप्त

वार्षिक समारोह धूमधाम से मनाया

श्रीमाधोपुर । विवेकानंद पब्लिक स्कूल में को वार्षिक समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिवपाल सिंह शेखावत, प्रधानाचार्य राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय विशिष्ट अतिथि पवन स्वामी व अध्यक्ष श्रीमती ममता शर्मा थी। शिवपाल सिंह ने बताया कि बच्चों को मोबाइल से दूर रखा जावे, बच्चों में अनुशासन की भावना अध्यापकों द्वारा जागृत की जावे व नियमित अध्ययन की रुचि बढ़ानी चाहिए। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में ,राम आएंगे, डांडिया नृत्य, पंजाबी सॉन्ग, राजस्थानी नृत्य आदि की प्रस्तुति दी।

25 को शिवलिंग का विशेष पूजन

अलवर। अलवर के प्रसिद्ध त्रिपोलिया महादेव मंदिर में नौ दिवसीय शिवरात्रि महोत्सव कार्यक्रम आज से 25 फरवरी को अलवर में पहली बार होगा पार्थिव शिवलिंग का विशेष पूजन त्रिपोलेश्वर शिव शक्ति सेवा समिति के तत्वाधान में अलवर में तीसरी बार शिवरात्रि के महापर्व पर होने वाले नौ दिवसीय भगवान पशुपतिनाथ कथा, शिवा पूजा, शिव महिमा कार्यक्रम का प्रारंभ 19 फरवरी से गणेश पूजन निमंत्रण के साथ प्रारंभ हो रहा है जो 27 फरवरी तक चलेगा। समिति की ओर से अलवर शहर में पहली बार 25 फरवरी को राज ऋषि अभय समाज के रंगमंच पर सामूहिक पार्थिव शिवलिंग पूजा व अभिषेक का कार्यक्रम होगा।यह जानकारी महंत जितेन्द्र खेडापति ने दी।

डकैती के आरोपी को किया गिरफ्तार

नारायणपुर । नारायणपुर पुलिस ने शनिवार को डकैती के मामले में फरार चल रहे छठे आरोपी को बापर्दा गिरफ्तार कर लिया है। थानाधिकारी ओमप्रकाश मीणा ने बताया कि कोलाहेड़ा निवासी कैलाश गुप्ता और उनके बेटे हिमांशु के साथ लूट की घटना हुई थी। घटना उस समय हुई जब दोनों अपनी दुकान बंद कर मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। रास्ते में कोलाहेड़ा मार्ग पर अपाचे बाइक पर सवार बदमाशों ने उन्हें रोककर मारपीट की और बैग में रखे30हजार रुपये लूटकर फरार हो गए। इस मामले में पुलिस ने शनिवार को आरोपी संजू उर्फ संजय (21)पुत्र हरिसिंह जाट,निवासी सामोता स्टैंड,बामनवास कांकड़ को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया।

पानी के टैंक मे डुबने से मासुम की मौत

मालपुरा । लाम्बाहरिसिंह कस्बे मे रविवार को एक निर्माणाधीन मकान के पानी के टैंक मे गिरने से मासुम बच्ची की हुई मौत। मिली जानकारी के अनुसार लाम्बाहरिसिंह कस्बा निवासी बनवारी लाल प्रजापत के यहां मकान का निर्माण कार्य चल रहा था। परिवारजन निर्माण कार्य मे व्यस्त थे। इसी दौरान खेलते-खेलते पानी के टैंक के पास पहुंची दो साल की मासुम बच्ची अंशिका प्रजापत अंसतुलित हो टैंक मे जा गिरी। परिजनो ने बच्ची की तलाश की तो पानी के टैंक मे तैरती मिली। जिसे तत्काल निकाल मालपुरा जिला अस्पताल लाया गया। चिकित्सको ने दो साल की मासुम अंशिका को मृत घौषित किया। बच्ची की मौत से परिवार मे कोहराम मच गया।

विकास बने वीएचपी जिला सहमंत्री

मालपुरा । विश्व हिन्दु परिषद जयपुर प्रान्त की महत्वपूर्ण बैठक जयपुर मे आयोजित की गई जहां विश्व हिन्दु परिषद की जिला कार्यकारिणी मे राहुल जायसवाल निवाई को जिला मंत्री व विकास शर्मा मालपुरा को संगठन मे जिला सहमंत्री मनोनीत किया गया। वीएचपी की जिला कार्यकारिणी मे मनोनीत हुये दोनो ही पदाधिकारियो को व युवाओं को सनातन धर्म के लोगो ने दी बधाई।

विधायक का किया स्वागत

निवाई। ग्राम पंचायत श्रीरामपुरा के गांव सीपुरा, कुरावदा, बीड ढ़ाणी, लूनेरा व श्रीरामपुरा के ग्रामीणों ने बजट सत्र 25-26 के लिए घोषित नवीन डामर सडक़ों हेतु 9 करोड़ 57 लाख रुपए स्वीकृत होने पर विधायक रामसहाय वर्मा का माला साफा पहनाकर स्वागत करके मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व विधायक वर्मा का आभार व्यक्त किया। विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में दूसरा बजट ऐतिहासिक रहा है। इसमें सभी वर्गों का विशेष ध्यान रखा गया है।

बजट घोषणाओं का धरातल पर क्रियान्वयन करें : संजय शर्मा

अलवर। पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री संजय शर्मा एवं जिले के प्रभारी सचिव एवं नगरीय विकास विभाग के प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया ने रविवार को मिनी सचिवालय के कलक्ट्रेट सभागार में जिले की बजट घोषणाओं के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर बजट घोषणाओं को त्वरित क्रियान्वयन कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मंत्री शर्मा ने कहा कि वर्ष2025-26का यह बजट राज्य सरकार का सर्वजन हिताय का बजट है, इसे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप बजट घोषणाओं की त्वरित क्रियान्विति सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को समयबद्ध इनका लाभ मिल सके। इस बजट में जिले को अनेक सौगाते दी गई है, जिन्हें धरातल पर अमलीजामा पहनाने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारी कार्य योजना तैयार कर पूर्ण मनोयोग से कार्य में जुट जाएं।

राज्य मंत्री संजय शर्मा, प्रभारी सचिव वैभव गालरिया व जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला ने अधिकारियों की बैठक ली।

उन्होंने प्रत्येक बजट घोषणा के बारे में विस्तार से चर्चा कर निर्देश दिये कि प्रत्येक विभाग बजट घोषणाओं को लागू करने हेतु कार्य के प्रत्येक चरण की समय सीमा तय कर कार्य को पूर्ण करे। उन्होंने निर्देश दिये कि जिन बजट घोषणाओं में भूमि आवंटन की आवश्यकता है उसके लिए संबंधित विभागीय अधिकारी जिला प्रशासन से समन्वय कर भूमि चिन्हित कर आवंटन की कार्यवाही करें। जिन कार्यों में प्रारम्भिक सर्वे, डीपीआर, निविदा आदि प्रक्रिया की जानी है उन्हे अविलम्ब प्रारम्भ करे। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं को पूर्ण कराने में राज्य सरकार स्तर के बिन्दुओं से अवगत कराये ताकि उनका समयबद्ध रूप में निराकरण कराया जा सके।

- **बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन व विकास कार्यों को लेकर जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली**

उन्होंने बजट2024-25की घोषणाओं की क्रियान्विति की विस्तृत समीक्षा कर कहा कि जो कार्य पूर्ण हो गए हैं उनका लोकार्पण कराए तथा प्रगतिरत कार्यों को समय सीमा में गुणवता के साथ पूर्ण कराना सुनिश्चित करावे। मंत्री शर्मा ने ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर विधायक निधि कोष से शहर के लिए स्वीकृत किए गए 36 ट्यूबवेल व अन्य मदों से स्वीकृत कराए गए 128 ट्यूबवेल्स को शुरू कराने के लिए की गई विभागीय प्रगति की समीक्षा की और निर्देश दिये कि यथाशीघ्र निर्धारित समय सीमा से पूर्व ही इन्हें चालू करें ताकि आमजन को पेयजल संबंधी समस्या का सामना नहीं करना पडे।

उन्होंने कंटीजेन्सी प्लान, सबमर्सिबल मोटर व अन्य उपकरणों की पर्याप्त उपलब्धता एवं सिलीसेढ योजना से शहर को मिलने वाले पेयजल की टाइमलाइन का फीडबैक लिया।

भागवत कथा के प्रसंग में सुदामा चरित्र लीला की

देवली। पटेल नगर में स्थित शिवालय मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा की सप्तम दिवस के दिन कथा में परम पूज्य गुरुदेव कृष्ण बिहारी जी महाराज ने कृष्ण सुदामा की मित्रता के बारे में बताते हुए कृष्ण सुदामा की लीला का वर्णन भी किया । श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन की कथा प्रसंग में सुदामा चरित्र, नव योगेश्वर संवाद, दत्तात्रेय की गुरुओं का वर्णन, ज्ञान भक्ति योग तथा सप्त दिवसीय कथा का सार भक्तों को सुनाया और कृष्ण सुदामा का मिलन लीला करके दिखाया कथा परीक्षित बने सनी जी सेठी एवं धर्मपत्नी कीर्ति सेठी ने शुकदेव जी की विदाई की।

सभी भक्तों ने कथा के माध्यम से अपने जीवन में अच्छे कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर स्थानीय गौतम हितकारी संस्थान संरक्षक एवं पूर्व अध्यक्ष सतनारायण सरसडी राजेंद्र शर्मा घटियाली संवेदक रामसहाय शर्मा ने कथावाचक व्यास पीठ कृष्ण बिहारी जी महाराज का माला साफा पहनाकर सम्मान किया तो वहीं संवेदक राम सहाय शर्मा और सत्यनारायण सरसडी फूलचंद कुमार पुजारी प्रभु लाल शर्मा रोहिताश मीणा जगदीश मीणा ने श्रीमद् भागवत कथा मंच के मंचासीन सहयोगीयो का भी सम्मान किया ।

इस अवसर पर व्यास पीठ कृष्ण बिहारी महाराज ने पंडाल में मौजूद श्रद्धालुओं से कहा कि आपकी अनुभूति ही ईश्वर है और आपकी आत्मा ही मंदिर है । हर व्यक्ति को ठाकुर जी का नितनेम सिमरन करना चाहिए । इससे आष्टा से जुड़े श्रद्धालु व्यक्तियों का शरीर और आत्मा शुद्ध होती है। इस संसार में भगवान ने हमें भेजा है। इस वजह से इसमें प्रेम लूटते ओर लुटाते रहो। क्रोध इंसान को समाप्त कर देता है। यह जो जीव जगत संसार है यह भगवान की सुंदर रचना है। हमें इसका संरक्षण करना चाहिए।

बालनाथ आश्रम बावड़ी से झंडा पदयात्रा रवाना

पावटा। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर पूर्व बाबा बालकनाथजी के परम शिष्य श्री श्री 108 कथा बस्तीनाथ जी के तत्वाधान में बाबा बालकनाथ आश्रम बावडी पावटा से पिछले 30 वर्ष से पदयात्रा का आयोजन होता रहा है।

इस वर्ष भी बाबा बालकनाथ आश्रम बावडी पावटा से 31वीं पदयात्रा का आयोजन रविवार को किया गया। जहां पदयात्रा में हरियाणा, कोटपुतली, बबेरा सहित विभिन्न स्थानों से पदयात्री शामिल हुए। पदयात्रा बाबा बालकनाथ आश्रम बावडी पावटा से बाबा बालकनाथजी के परम शिष्य श्री श्री 108 कथा बस्तीनाथजी ने झाकियों की आरती कर ध्वज चढ़ाकर एवं शंखनाद से यात्रा प्रारम्भ करवाई। जिसमें लगभग 2500 पदयात्री शामिल हुए। यात्रा से पूर्व सभी पदयात्रियों ने सर्वप्रथम नीले झण्डे लेकर बाबा बालकनाथ आश्रम बावडी पावटा में चल रहे वर्ष पर्यन्त 108 कुण्डात्मक महामृत्युञ्जय रुद्र महायज्ञ व महाकाल मंदिर एवं स्थापित धूणे को प्रणाम कर हाइवे स्थित बाबा श्री की समाधि पर ढोक लगाई।

आश्रम बावडी से 31वीं पदयात्रा का आयोजन किया।

सभी पदयात्रियो को रवानगी पर बाबाश्री बस्तीनाथ जी महाराज ने शुभाशीर्वाद दिया एवं फल वितरण किये। नीले ध्वजों से पूरा मंदिर परिसर पटा हुआ था।भक्तगण बाबा बालकनाथ व बस्तीनाथ जी महाराज के जयकारों एवं हम सब एक है का संदेश देते हुए बैंड बाजे के साथ नाचते गाते बाबा बालकनाथ आश्रम बावडी पावटा से लुनियावास आश्रम के लिए रवाना हुए।

बढ़ती चोरियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया

शाहपुरा । शाहपुरा क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों की घटनाओं के विरोध में रविवार को शाहपुरा ब्लॉक अध्यक्ष नाथूलाल सैनी के साथ सैकडों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष नाथूलाल सैनी ने बताया कि क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। पुलिस प्रशासन अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगानें में नाकाम साबित हो चुका है। कांग्रेस कार्यकताओं रविवार को मण्डी तिराह से पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुलिस थाने तक गये तथा पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण के नाम थानाधिकारी सुगन सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि क्षेत्र में आये दिन चोरी, मवेशी चोरी, वाहन चोरी तथा लूट-पाट की घटनाएं बढती जा रही है जिन पर पुलिस का कोई अंकुश नही है तथा ना ही पुलिस प्रशासन द्वारा रात्रि के समय गस्त लगाई जाती है। पुलिस का सूचना तंत्र बहुत कमजोर है। साथ ही क्षेत्र में पिछलें 10 दिन में तीन जगह चोरी की घटनाएं हो गई। गौरतलब है कि गत दिनों खोरी निवासी अयुब मंसूरी की 16 फरवरी को 8 बकरिया चोरी हो गई थी उसके बाद गुरुवार को देवन निवासी रामनारायण की 23 बकरियां चोरी गई तथा खोरी निवासी लीलाराम, रामू, व मालीराम, राहुल प्रजापत के लाखों की गहने, नकदी तथा 1 मवेशी चुरा ले गये। परन्तु पुलिस प्रशासन फिर भी इन चोरियों से कोई सबक नहीं ले रहा है तथा क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार हो रही है।

पुलिस अधीक्षक के नाम एसएचओ को सौंपा ज्ञापन।

जिन पर पुलिस प्रशासन का कोई अंकुश नही है। पूर्व चेयरमैन बद्री प्रसाद सैनी ने बताया कि क्षेत्र में आये दिन चोरियां हो रही है। साथ ही चोर लोगों के घरों के कुंदी लगाकर दादागिरी से चोरी कर रहे है। क्षेत्र में चोरी, तस्करी, नशा का बड़ा करोबार चल रहा है। परन्तु पुलिस प्रशासन इनके खिलाफ कोई कार्यवाही नही कर रही है। पूर्व पार्षद मुकेश खुडानिया ने बताया पुलिस प्रशासन की लापरवाही के कारण चोरों के हौसलें बुलंद हो रहे है।

लगातार अपराधिक घटनाएं बढती जा रही है। यदि पुलिस प्रशासन द्वारा चोरियों पर अंकुश नही लगाया गया तो जल्द ही पुलिस प्रशासन के खिलाफ बड़ा जन आक्रोष आन्दोलन किया जायेगा। विरोध प्रर्दशन के दौरान पूर्व चेयरमैन प्रेमदेवी, पूर्व सरपंच अर्जुन मोहनपुरिया, सरपंच रवि सैनी, पार्षद रामवातार, विक्रम, असमल, घनश्याम सैनी, बनवारी मीणा, सुरेश सैनी, ईमरान, विशाल, निहाल, लोकेश, हीरालाल, मूलचंद, रामनारायण, रामेश्वर, राजु, अर्जुन सहित सैकड़ों मौजूद रहे।

30 अप्रैल को माली समाज का होगा सामूहिक विवाह सम्मेलन

उनियारा तहसील माली समाज की सामूहिक पंचों की बैठक हुई।

टोंक/उनियारा। उनियारा तहसील माली समाज के समस्त पचों की बैठक का आयोजन शनिवार रात्रि को किया गया, समाज के पंचों द्वारा बैठक के अध्यक्ष बद्री लाल भारती पचाला को चुना गया।

बद्री लाल भारती द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता की गई और आगामी 30 अप्रैल आखातीज के अवसर पर माली समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन के संबंध में विचार विमर्श किया गया। बैठक में सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर सम्मेलन विवाह का स्थान माली समाज छात्रावास के पास खाली पड़ी हुई जमीन पर पूर्ण कार्यक्रम करने का प्रस्ताव रखा गया जिसमें समाज पंचों ने सहमति जताई एवं कार्यकारिणी के गठन के संबंध में भी प्रस्ताव रखा गया।

सामूहिक आदर्श विवाह सम्मेलन के मुख्य संरक्षक डॉक्टर प्रभु लाल सैनी पूर्व कृषि मंत्री, संरक्षक बद्रीलाल भारती पचाला, प्रभु लाल सैनी मनोहरपुर को बनाया गया। विवाह सम्मेलन के अध्यक्ष पद हेतु रामस्वरूप सैनी पीटीआई का नाम समाज के पंचों द्वारा प्रस्तावित किया गया, जिसमें अध्यक्ष पद के लिए रामस्वरूप सैनी पीटीआई को नियुक्त किया गया।

उपाध्यक्ष पद पर चिरंजीलाल सैनी,रतनलाल सैनी, खानजी सैनी पायलेट ,आसाराम सैनी झोपड़िया, हरिनारायण सैनी , प्रह्लाद सैनी बालिथल ,हरगोविंद सैनी चोरू,राजू लाल सैनी हुकुमपुरा ,भंवरलाल सैनी दोबाडिया,किशन सैनी अलीगढ़,गिर्राज सैनी सामला गांव, राधेश्याम सैनी डाबला,शंकर सैनी दोबाडिया को उपाध्यक्ष बनाया गया।

अवैध मादक पदार्थ व शराब जब्त कर रिसोर्ट संचालक सहित दो गिरफ्तार

मानपुरा माचेड़ी। चंदवाजी थाना पुलिस व जयपुर ग्रामीण पुलिस की डीएसटी ने सयुंक्त कार्रवाई करते हुए जयपुर दिल्ली हाइवे पर लबाना के पास स्टोरीज आर्गेनिक फार्म रिसोर्ट पर करीबन 125 युवक युवतियों को शराब ,हुक्का पीते व तेज आवाज में गाना बजाकर नाचते हुए पकड़ा है।साथ ही अवैध मादक पदार्थ स्मेक भी जप्त की है।पुलिस ने मामले में रिसोर्ट संचालक सहित दो लोगो को गिरफ्तार किया है व 63 युवक युवतियों के कोटपा अधिनियम के तहत चालान काटे है।

- **करीबन 125 युवक-युवतियों को रेव पार्टी में तेज आवाज में गाना बजाकर शराब पार्टी करते व हुक्का पीते हुए नशे की हालत में पकड़ा**

चंदवाजी थाने में पुलिस गिरफ्त में अवैध मादक पदार्थ व शराब के साथ रेव पार्टी करवाने के दो आरोपी।

जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक आनन्द शर्मा ने बताया कि जिला जयपुर ग्रामीण में शैक्षिणक संस्थाओं के आसपास युवा पीढी में बढ़ते हुए नशे की प्रवृति को देखते हुए रोकथाम हेतु तथा अवैध नशे का कारोबार करने वाले अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही करने हेतु ऑपरेशन नॉकनाउट अभियान चलाया जा रहा है। पुर्व में भी अभियान के तहत नशे के कारोबारियों के खिलाफ कई कार्रवाईयां की गई थी। इसी कम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रजनीश पूनिया के निर्देशन में जिला डीएसटी टीम जिला जयपुर ग्रामीण की सूचना पर खलील अहमद आरपीएस साईबर सैल जयपुर ग्रामीण के सुपरविजन में तथा चंदवाजी थानाधिकारी हीरालाल सैनी व डीएसटी टीम जयपुर ग्रामीण के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। टीम में धानाधिकारी शाहपुरा थानाधिकारी मनोहरपुर, थानाधिकारी अमरसर, थानाधिकारी आंधी, थानाधिकारी रायसर, थानाधिकारी जमवारामगढ़ व थानाधिकारी महिला थाना को भी शामिल किया गया।

गठित टीम द्वारा सूवना संकलन कर कार्यवाही करते हुए गत देर रात्री को जयपुर दिल्ली हाइवे पर ग्राम लबाना में स्थित स्टोरीज आर्गेनिक फार्म रिसोर्ट पर दबिश देकर तेज आवाज में ध्वनि प्रसारण कर शराब पार्टी करते व हुक्का पीते हुए नशे की हालत में करीबन 100-150 युवक-युवतियों को रेव पार्टी करते हुये को पकड़कर कोटपा अधिनियम के तहत 63 युवक युवतियों के चालान काटे गये तथा रिसोर्ट संचालक संजय लुहाडिया पुत्र महावीर प्रसाद जैन(49) निवासी ई-12 शिवाजी नगर थाना सोडाला जिला जयपुर। व रेव पार्टी आयोजन कर्ता हर्षवर्धन पुत्र हेमन्त कुमार सैनी(39) निवासी शिप्रापथ मानसरोवर जयपुर को अवैध मादक पदार्थ स्मैक, अवैध शराब अवैध हुक्का के साथ गिरफ्तार किया गया।

तीन किशोर निरूद्ध एवं दो कैफे संचालक गिरफ्तार

टोंक। 15 फरवरी को दर्ज नाबालिंग के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में तीन किशोरो को निरूद्ध किया गया एवं दो कैफे संचालको को गिरफ्तार किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नाबालिग पीडिता के साथ सामूहिक दुष्कर्म किये जाने एवं सोशल मिडिया पर पीडिता के फोटो व विडियो को वायरल करने का दवाब बनाये जाने के मामले में वृताधिकारी टोंक राजेश विधार्थी व पुरानी टोंक थाना पुलिस ने तीन किशोरो को निरूद्ध कर किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश कर बाल सुधार गृह में भेजा गया। वही एक आरोपी मोहम्मद अरबाज उर्फ अक्कु पुत्र मोहम्मद लतिफ मेवाती निवासी नायको का मोहल्ला तालकटोरा को गिरफ्तार कर जिला कारागृह भेजा गया।

कैफे संचालक मोहसिन उर्फ छोटू पुत्र लाडल मिया मेवाती निवासी नायको का मोहल्ला तालकटोरा व अन्य संचालक मनोज कुमार देवानी पुत्र श्यामलाल देवानी निवासी विवेकानन्द कॉलोनी सिविल लाईल टोंक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

सार-समाचार

फागोत्सव कार्यक्रम में झूमीं महिलाएं

फुलेरा । कस्बे के श्रीरामनगर स्थित चमत्कारेश्वर महादेव मन्दिर परिसर में रविवार को फागोत्सव कार्यक्रम माली सैनी समाज अध्यक्ष तेजकरण सैनी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में बाबा श्याम का पुष्प मालाओं से भव्य श्रृंगार कर दरबार सजाया गया। साथ ही विशेष पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चाता महिला मण्डल की गायक कलाकार सन्तोष कुमावत, अंकिता कुमावत, उर्वशी, नीलम देवी, चम्पा देवी एवं टी सीरीज गायक कलाकार कमलेश शर्मा ने बाबा श्याम के भजनों पर प्रस्तुतियां दी। जिस पर उपस्थित महिलाएं और युवतियां झूम उठी। इस दौरान उपस्थित महिलाओं एवं युवतियों ने फूलों और अबीर गुलाल के साथ होली खेली। वहीं आयोजनकर्ताओं ने भजन कलाकारों और श्रोताओं पर पुष्प वर्षा कर उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम के अन्तिम चरण में महाआरती कर सभी को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर महिला मण्डल की पूजा भाटी, गीता देवी, अंजू सैनी, पूनम कुमावत, सुमन सिंगोदिया, सीमा सैनी, राधा देवी, गुलाब देवी माली, कुसुमलता सैनी, उर्मिला देवी, भारती सैनी, इशिका अजमेरा, मनीषा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

कार की टक्कर से एक जने की मौत

निवाई। राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक कार ने लकड़ी से भरे जुगाड के पीछे से टक्कर मार दी। जिससे जुगाड सडक़ किनारे गहरी खाई में जाकर पलट गया और लकडिय़ों के नीचे दबने से एक जने की मौत हो गई और जना गंभीर घायल हो गया। सदर पुलिस थानाधिकारी हीरालाल वर्मा ने बताया कि गांव तुर्किया निवासी नेहनूराम पुत्र रामकिशन मीणा उम्र 45 वर्ष, अजयपाल पुत्र अंबालाल मीणा व लोडू पुत्र श्योनारायण मीणा तीनों निवासी तुर्किया एवं कालू पुत्र कल्याण मीणा एवं रामजीलाल पुत्र हारु मीणा निवासी बंशीपुरा जुगाड में लकड़ी भरकर राहोली से अपने गांव तुर्किया जा रहे थे। देर शाम करीब सात बजे लालसोट हाइवे पर माताजी का भुरटिया के पास जुगाड के पीछे से तीज गति में आ रही एक कार ने टक्कर मार दी। जिससे जुगाड के पलट गया। इस दौरान लकड़ी के ऊपर बैठे तीन जाने तो छिटककर दूर जा गिरे और नेहनू एवं कालू लकडिय़ों के नीचे दब गए। सूचना पर सहायक उप निरीक्षक मदनलाल पुलिस जाब्ते के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और राहगीरों की मदद से लकडिय़ों में दबे घायलों को बाहर निकालकर सभी घायलों को हाइवे एम्बुलेंस से राजकीय सामुदायिक अस्पताल चाकसू में भर्ती करवाया। जहां नेनूराम को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया और कालू की हालत चिंताजनक होने पर उसे जयपुर रेफर कर दिया। रविवार सुबह निवाई सदर पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने बताया कि मृतक के तीन लडक़ी एवं एक लडक़ा है। केवल एक लडक़ी की शादी हुई है और बाकी के कुंवारे है। उसके सबसे छोटी 15 वर्ष की एक लडक़ी है

चिकित्सा शिविर का आयोजन जारी

कोटपूतली। अल्ट्राटेक कम्यूनिटी वेलफेयर फाउण्डेशन मोहनपुरा, राजस्थान मेडीकेयर रिलीफ सोसायटी राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल कोटपूतली व जिला स्वास्थ्य समिति (अंधता) जयपुर के आर्थिक सहयोग से ग्राम नारेहड़ा स्थित राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर आयोजित किये जा रहे सात दिवसीय नि:शुल्क नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर के दुसरे दिन रविवार को 134 पुरूष व 110 महिलाओं समेत कुल 244 मरीजों की आंखों की जांच कर दवाईयां वितरित की गई। जिनमें से 68 मरीजों को ऑपरेशन हेतु भर्ती किया गया। दो दिनों में कुल 118 मरीजों का मोतियाबिन्द का ऑपरेशन किया गया है। शिविर में कोटा से गिरिराज गुर्जर, सीताराम पंकज, अनिकेत वर्मा आदि की सेवायें ली जा रही है। सी.एस.आर डिप्टी मैनेजर राजेंद्र कुशवाह ने बताया कि शिविर में मरीजों के रहने व खाने की उत्तम व्यवस्था की गई है। साथ ही मरीजों को गांव से लाने और ऑपरेशन के पश्चात् पुन: गांव में वापस उनके घर छोड़ा जायेगा। नेत्र शिविर का आयोजन आगामी 28 फरवरी तक किया जायेगा। शिविर में सी.एस.आर डिप्टी मैनेजर राजेंद्र कुशवाह सहित सरपंच प्रतिनिधि जगमाल यादव व नेतराम जाट द्वारा मरीजों को फलों का वितरण किया गया। इस दौरान रामसिंह, हरिकिशन शर्मा, सीताराम जाट, ईश्वर सिंह यादव समेत स्वास्थ्य विभाग, राजस्थान राज्य स्काउट व अनेक स्वयंसेवक मौजूद रहे।

सांभर में संत की जयंती पर सेमिनार

सांभरझील। डॉ बीआर अंबेडकर चेतना समिति के तत्वाधान में आज अंबेडकर भवन में संत की 149 वीं जयंती के पर ''संत गाडगे बाबा का सामाजिक उत्थान में योगदान'' विषय पर सेमिनार आयोजित की गई। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा संत गाडगे बाबा एवं बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर माल्यार्पण किया गया एवं सभी सदस्यों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व की जानकारी दी। मुख्य वक्ता भंते शीलसागर ने संत गाडगे द्वारा शिक्षा एवं स्वच्छता में विशेष योगदान देने पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। अरविंद मेहरड़ा ने संत के बताए हुए मार्ग पर चलकर सामाजिक कुरीतियों को त्यागने पर बल दिया। व्याख्याता बजरंगलाल दोतानिया ने संत गाडगे बाबा की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला। व्याख्याता रमेश कुमार बंसीवाल ने बाबा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। राजेंद्र दीवाला अध्यक्ष धोबी समाज ने संत गाडगे के बताए हुए सन्मार्ग पर चलकर जीवन सफल बनाने की बात कही। पूर्व पार्षद नानक राम गेहनोलिया ने पाखंडवाद का त्याग कर शिक्षा में जागरूकता फैलाने पर जोर दिया।

वैधानिक कार्यवाही की

पावटा। जिला पुलिस अधीक्षक कोटपुतली बहरोड़ राजन दुष्यंत के निर्देशानुसार यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए प्रागपुरा थाना पुलिस ने वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत के नेतृत्व में एम.वी. एक्ट के तहत चौपहिया व दुपहिया वाहनों को पकड़ा है। थानाप्रभारी किरण सिंह ने बताया कि जगह जगह नाकाबंदी कर जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार शनिवार को यातायात नियमों का उल्लंघन व शराब पीकर वाहन चलाने वाले लापरवाह वाहन चालकों पर कड़ा प्रहार करते हुए वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही करते हुए 10 मोटरसाइकिलों को सीज किया गया तथा 4 का चालान किया गया।

सात साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

सांभरझील। दूदू थाने का टॉप 10 सूची में शामिल हिस्ट्रीशीटर व पोक्सो एक्ट में 7 साल से फरार चल रहे अभियुक्त को दूदू पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। थाना अधिकारी दूदू मुकेश कुमार ने बताया कि फरार अभियुक्तों की धर पकड़ अभियान के तहत जयपुर ग्रामीण एसपी की ओर से प्राप्त निर्देशानुसार कार्रवाई के दौरान गठित पुलिस टीम की ओर से गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी को दबोच लिया गया। पुलिस ने बताया कि फरार आरोपी थाना दूदू के टॉप-10 वांछित अपराधियों किस सूची में शामिल है। गिरफ्तार आरोपी राजेन्द्र चौधरी उर्फ राजेन्द्र रियाड उर्फ राजू पुत्र श्री मानाराम जाति जाट उम्र 31 साल निवासी खुडियाला पुलिस थाना दूदू जिला जयपुर का है।

जिलाध्यक्ष सुरेश सैनी का किया स्वागत

कोटपूतली। भाजपा जयपुर देहात उत्तर के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष सुरेश सैनी (बादलीवाल) का क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार को विराटनगर पहुँचकर पूर्व चेयरमैन व भाजपा नेता एड. महेन्द्र कुमार सैनी के नेतृत्व में स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस मौके पर सैनी को माला व साफा पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर नवीन दायित्व की बधाई भी दी। जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से पार्टी गतिविधियों पर चर्चा की। इस दौरान नगर मण्डल अध्यक्ष अरूण सैनी, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कमल सैनी, महेश सैनी व सुनील चौधरी मौजूद रहे।